


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 82 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 31 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया



## कोहरे में लिपटकर आई सुबह

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया है। इसके असर से एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम बदला हुआ रहेगा। शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, विजिबिलिटी 200 से 500 मीटर तक रही। सुबह धूप निकलने के साथ कोहरा छंटना शुरु हुआ। जिसके बाद हल्के बादलों के साथ धूप छांव वाला मौसम बना रहा। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारों के अनुसार मध्यप्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते अगले 7 दिनों तक मौसम बदला हुआ रहेगा। मावठे और बादल छंटने के बाद ठंड बढ़ेगी। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर प्रदेश के उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के कुछ क्षेत्रों में रहेगा। यहां बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है, वहीं कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है।

## डिप्टी सीएम की रैली में जेब कटी, प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा की स्वागत रैली के दौरान पहुंचे एक कार्यकर्ता की जेब कटने के मामला सामने आया है। घटना गुरुवार शाम की है। पीड़ित ने शुक्रवार को इसकी शिकायत दर्ज करवाई कि डिप्टी सीएम के स्वागत के दौरान किसी बदमाश ने उनकी जेब से 50 हजार रुपए उड़ा लिए।

दलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 दिसंबर को डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा अपने ग्रह नगर मंदसौर आए थे। दलौदा थाना क्षेत्र के भावगढ़ फंटा पर डिप्टी सीएम का स्वागत करने के दौरान स्वागत मंच से दलौदा गांव निवासी रमेश पिता गोपाल माली की जेब काटकर अज्ञात बदमाश 50 हजार रुपए उड़ा ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

# बीस माह से सोनोग्राफी रूम पर ताला

## निजी पैथॉलाजी सेंटर पर ठगा रहा गरीब मरीज



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सेंटर 20 माह से बंद है। इसके कारण मरीजों को परेशानियां हो रही है। सोनोग्राफी के लिये मरीजों को निजी अस्पताल या निजी लेबों पर जाना पड़ रहा है। बड़े अस्पताल का सोनोग्राफी सेंटर रेडियोग्राफर के अभाव में बंद है। तीन जून 2022 को रेडियोलाजिस्ट डा. विकास शर्मा ने इस्तीफा दिया था, इसके बाद से ही सोनोग्राफी सेंटर पर ताला लगा हुआ है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य विभाग ने कई बार उज्जैन, भोपाल के अधिकारियों से पत्राचार किया है। कलेक्टर व विधायक ने भी शासन को अवगत करवाया है। तत्कालीन विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने स्वास्थ्य मंत्री को भी परेशानी से अवगत कराया। लेकिन, आज भी गरीब ठगा सा महसूस कर रहा है। निजी लेबों में जाना मजबूरी हो गया है।

कुछ समय पहले बड़े अस्पताल में आने वाले मरीजों को अस्पताल में ही स्थित सोनोग्राफी सेंटर से सुविधाएं मिल रही थी। लेकिन, चिकित्सकों की कमी से जूझ रही बड़े अस्पताल की व्यवस्थाएं बार-बार प्रभावित हो रही है। बड़े अस्पताल के सोनोग्राफी सेंटर में रेडियोलाजिस्ट डा. विकास शर्मा पदस्थ थे। इस्तीफा देने के बाद तीन जून 2022 से डा.शर्मा चले गए। इसके कारण सोनोग्राफी सेंटर बंद हो गया है। इसके बाद कमरे का ताला तक नहीं खुला। जब से सोनोग्राफी सेंटर बंद हुआ तब से ही मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

### दो रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त भी किए, नहीं आए...

पिछले दिनों विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया कलेक्टर गौतम सिंह और सिविल सर्जन डॉक्टर डीके शर्मा द्वारा किए गए प्रयास और पत्राचार के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़े अस्पताल में 2 रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई थी। लेकिन दोनों ही रेडियोलॉजिस्ट ने नियुक्ति लेने में कोई रुचि नहीं दिखाई। बड़े अस्पताल में आने वाले मरीजों को सोनोग्राफी जांच के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

### निजी चिकित्सक भी नहीं आए...

कुछ समय पहले तत्कालीन कलेक्टर कलेक्टर गौतम सिंह ने निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे रेडियोलॉजिस्ट के साथ बैठक कर बड़े अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानी के बारे में बताते हुए बड़े अस्पताल में भी सेवाएं देने के लिए कहा। इसके बाद शहर के निजी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे रेडियोलॉजिस्ट ने बड़े अस्पताल में प्रतिदिन 2 घंटे अपनी सेवाएं देने के लिए सहमति भी दी है। हालांकि, सहमति देने के बाद भी किसी ने यहां रुचि नहीं दिखाई।

### लंबे समय से नहीं मिल रहे डॉक्टर...

500 बेड के बड़े अस्पताल में पिछले कई वर्षो से विशेषज्ञ नहीं मिल रहे है। बड़े अस्पताल में प्रथम श्रेणी के 39 पद स्वीकृत हैं। इनमें महज 4 चिकित्सक ही कार्यरत है। जबकि, 35 पद रिक्त पद है। वहीं द्रितीय श्रेणी के 23 पद स्वीकृत है। इनमें 10 पद रिक्त पड़े है। अस्पताल में अधिकांश मरीज सैकेंड क्लॉस के 13 डॉक्टर पर ही निर्भर है। यही कारण है कि 500 बिस्तरों वाला बड़ा अस्पताल महज रैफर सेंटर बन कर रह गया है।

# रजिस्ट्री के 15 दिन के भीतर होगा नामांतरण

## खसरा-नक्शा में भी तत्काल सुधार

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नए साल में मंदसौर सहित प्रदेश के सभी जिलों में साइबर तहसील व्यवस्था लागू हो जाएगी। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि रजिस्ट्री के 15 दिन के भीतर ही क्रेता के पक्ष में खुद-ब-खुद नामांतरण हो जाएगा। इसके लिए कोई अलग से आवेदन नहीं करना होगा। अविवादित नामांतरण के लिए किसी को तहसील आने की जरूरत नहीं होगी। इसके साथ ही अविवादित खसरा-नक्शा आदि में ऑनलाइन ही सुधार हो जाएगा।

बता दे की साइबर तहसील के प्रथम चरण में केवल ऐसे अविवादित प्रकरणों में लागू किया जा रहा है। जहां विक्रय पूरे खसरे का है। इसके बाद इसे सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों में लागू किया जाएगा। साइबर तहसील का सबसे बड़ा फायदा यह भी होगा कि जमीनों का काम ऑनलाइन, पेपरलेस और फेसलेस होगा। साथ ही नामांतरण भी ऑनलाइन होगा।

### हर महीने आते है सैकड़ों आवेदन...

जिले की तहसीलों में हर महीने सैकड़ों आवेदन नामांतरण ओर बटांकन के आते हैं। विवादित नामांतरण तो छह माह और साल भर से ज्यादा तक लंबित रहते हैं।

### दतिया और सिहोर से हुई थी शुरुआत

27 मई 2022 को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दतिया और सिहोर में साइबर तहसीलें शुरू हुई थीं। इसके बाद अन्य जिलों में धीरे-धीरे यह व्यवस्था लागू हुई। अब एक जनवरी से पूरे प्रदेश में इसे लागू कर दिया जाएगा। साइबर तहसील के जरिए अब तक 16 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो चुका है।



## पचहत्तर बसों की जांच, पांच पर कार्रवाई

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** यातायात पुलिस द्वारा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा कार्यालय के स्टाफ के साथ मिलकर बसों की जांच की। चेकिंग अभियान शाम छह बजे तक चला। इस दौरान मंदसौर से संचालित कुल 75 बसों के परमिट, बीमा तथा फिटनेस से संबंधित कागजात चेक किए गए। कागजातों की वैधता कलर पेंट से बस पर अंकित करवाई गई। इस दौरान कुल पांच बसों पर कार्रवाई की गई। एक बस बिना फिटनेस के पाई गई, जिसका मौके पर शमन शुल्क 5000 जुर्माना किया गया। दो बस परमिट तथा टैक्स बकाया में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जप्त की गई। जिसमें रुपए 2 लाख 77 हजार राशि अधिरोपित की गई।

# पीएम मोदी की देशवासियों से अपील, 22 जनवरी को अयोध्या न आएं, घर में मनाएं दिवाली, राम ज्योति जलाएं

**अयोध्या, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या दौरे पर रहे। उन्होंने करीब 16 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी। उन्होंने नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन समेत अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने दो अमृत भारत और छह वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों से करबद्ध निवेदन है कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाएं। दिवाली मनाएं।साथ ही निवेदन है कि 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। हमें कोई ऐसा काम नहीं करना है, जिससे प्रभु राम को तकलीफ हो।

उन्होंने कहा कि खासतौर पर उत्तर प्रदेश के राम भक्तों से निवेदन है कि वे 22 जनवरी को न आएं। 23 जनवरी के बाद राम लला के दर्शन शुरू जाएंगे। फिर अपनी सुविधा के अनुसार आएं। राम मंदिर तो यहीं है। पीएम मोदी ने साथ ही अपील की कि 14 जनवरी को देशभर के तीर्थ स्थलों पर, हर शहर के छोटे बड़े मंदिर में स्वच्छता का अभियान चलाया जाए।

### 10 करोड़वीं लाभार्थी महिला के घर चाय पी...



पीएम मोदी ने बताया कि अयोध्या में उन्होंने उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी महिला के यहां चाय पी है। उज्ज्वला योजना की शुरुआत यूपी के बलिया से हुई थी और इसके लाभार्थियों की संख्या 10 करोड़ तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि एक समय था। जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को नहीं, बल्कि पक्का घर देश के चार करोड़ गरीबों को मिला है। आज देश अपने तीर्थों को संवार रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी दुनिया में छाई हुई है। पीएम मोदी ने कहा, 'आज सिर्फ केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार नहीं हुआ है, बल्कि 300 से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज बने हैं।'

### अयोध्या में आने वालों की संख्या में वृद्धि होगी...

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनने के बाद यहां आने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होगी। हमारी सरकार अयोध्या में विकास कार्य करवा रही है। सड़कों का चौड़ीकरण, नए फुटपाथ, फ्लाईओवर और नए पुल बन रहे हैं।

### 500 सालों का इंतजार होगा खत्म...

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि 500 वर्षों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। प्रभु के आगमन से पहले पीएम मोदी का संकल्प था कि अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित करेंगे। इसी दिशा में लगातार कार्य चल रहे है।

## कांग्रेस नेता रवींद्र राका को नहीं मिली राहत, कुर्की की कार्रवाई होगी

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस नेता रवींद्र राका को जिला सहकारी बैंक से राहत नहीं मिलेगी। वसूली के लिए कुर्की के आदेश के बाद रवींद्र राका ने समय मांगा था। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया है। जिसमें रवींद्र रांका का कोई समय नहीं दिया गया है। जनता कॉलोनी स्थित शोरूम की नीलामी यथावत रहेगी।

लोन वसूली को लेकर सहकारिता विभाग ने सख्त रूख अपनाया है। बीस लाख से अधिक कालातीत ऋण को निपटान के लिए ओटीएस योजना लागू की गई है। जिसमें जिला बैंको से ओटीएस योजना प्रस्ताव नीति नियम तैयार कर अनुमोदन हेतु प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए गए। निर्देशों के परिपालन में बैंक स्तर पर राशि रूपये 20 लाख से अधिक के कालातीत ऋण राशि के निपटान हेतु योजना के प्रस्ताव नीति नियम तैयार किये जाने के कारण बैंक द्वारा रविन्द्र सिंह राका के प्रकरण में कुर्क की कार्यवाही फिलहाल विलम्बित करने हेतु निवेदन किया गया था। आदेश में कहा गया है कि जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैंक प्रशासक कमेटी की बैठक में 20.00 लाख से अधिक के ऋण प्रकरणों की ओ.टी.एस. योजना लागू किये जाने का निर्णय लिये जाने एवं उक्त योजना का अनुमोदन आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएँ भोपाल से करवाये जाने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में भोपाल से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए है। इसलिए कुर्की की कार्रवाई आगामी 3 जनवरी यथावत रहेगी।

## राजा भोज विश्वविद्यालय से बीएड करने वाले विद्यार्थी छह माह पिछड़े

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजा भोज विश्वविद्यालय से बीएड कर रहे विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम करीब छह माह पिछड़ गया है। दिसम्बर में खत्म होने वाली परीक्षा का विश्वविद्यालय ने अब तक आयोजन ही नहीं कराया। इसके संबंध में छात्रों ने कुलपति से शिकायत की है। इस देरी के कारण कई विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि जल्द परीक्षा कराने की तैयारी की जा रही है।

राजा भोज विश्वविद्यालय से बीएड के पाठ्क्रम में मंदसौर सहित प्रदेश के कई जिलों से विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। पाठ्यक्रम की अवधि 2021 से लेकर जून 2024 तक है। विश्वविद्यालय को दिसम्बर में इनकी परीक्षा का आयोजन करना था। बता दे की भोज विश्वविद्यालय से संचालित बीएड पाठ्यक्रम ढाई साल का है। जिम्मेदारों ने बताया कि सामान्य बीएड की अवधि दो साल होती है। जबकि, ओपन से होने वाला यह कोर्स ढाई साल का होता है। इसके लिए परीक्षा जनवरी-फरवरी तक कराने की बात कही जा रही है। ऐसे में इस साल कोर्स पूरा होगा।

**इनका कहना...**

आचार संहिता के कारण बीच में कुछ रूकावट आई है। लेकिन, अब स्थिति सुधार ली गई हैं। पाठ्यक्रम प्रक्रिया में है। कोशिश है तय हुई समय सीमा में विद्यार्थियों का बीएड पूरा करा लिया जाएगा।

**डॉ. संजय तिवारी**
**कुलपति भोज विश्वविद्यालय**

## युवक की हत्या कर शव घर के बाहर फेंक गए हत्यारे

### गांव में आक्रोश, पुलिस बल तैनात

**रतलाम, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के पिपलौदा थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में एक युवक की हत्या कर शव को उसके घर के सामने फेंक दिया गया। मृतक का नाम धारा सिंह पिता जुझार सिंह सामने आया है। हत्या रंजिश में होना बताई जा रही है। शनिवार सुबह शव घर के बाहर मिलने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

बता दे की धारा सिंह का दो दिन पूर्व शेरपुर निवासी राहुल पिता भोपाल सिंह राठौड़ की स्कॉर्पियो गाड़ी से टकराने पर साइड का ग्लास टूट गया था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच उस समय विवाद हुआ था। अभी तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक राहुल सिंह बीती रात धारा सिंह के घर 8- 10 लड़कों को लेकर पहुंचा था। यहां से धारा सिंह को लेकर गए और उसके साथ मारपीट की थी। इसके बाद धारा सिंह मौके पर ही अचेत हो गया और सुबह घर के बाहर शव मिलने से गांव में आक्रोश पनप गया।

सूत्रों के अनुसार हत्या के पीछे चुनावी रंजिश को लेकर भी ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जावरा अस्पताल भेज दिया है। एसडीओपी शक्तिसिंह चौहान, थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान ने लोगों को समझाईश दी। एसपी राहुल कुमार लोढ़ा भी गांव में पहुंचे और स्थिति को देखा।

## जश्न के जोश पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर...

# हुड़दंग मचाई तो खैर नहीं

## शहर में भ्रमण करेगी कई पुलिस मोबाइल पार्टी, प्रमुख चौराहों पर होगी चेकिंग

**मंदसौर 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज साल 2023 का अंतिम दिन है। पुराने साल को विदाई देने और नए साल को सेलीब्रेट करने के लिए युवाओं में खासा जोश रहेगा। ऐसे जश्न के जोश पर पुलिस की भी नजर रहेगी। हुड़दंग मचाने वालों की खैर-खबर ली जाएगी। जश्न को शालीनता से मनाने के लिए शहर में कई मोबाइल पार्टियां घुमेगी। प्रमुख चौराहों पर पुलिस का दल चेकिंग करेगा। ज्यादा शराब पीकर हुल्लड़ मचाने वालों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि शहर के गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, घंटाघर, महाराणा प्रताप चौराहा सहित प्रमुख चौराहों पर पुलिस का दल मौजूद रहेगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की एल्कोमीटर से जांच की जाएगी। युवाओं को ज्यादा शराब नहीं पीने की समझाइश दी जाएगी, वहीं ज्यादा शराब पीकर वाहन चलाने पर चालान बनाया जाएगा। सीसीटीवी केमरों से भी शहर में नजर रखी जाएगी। जिससे हुड़दंगियों की पहचान भी की जा सकती है।




थर्टी फर्स्ट मनाने के लिए लोगों ने तरह-तरह के आयोजनो के लिए कमर कस ली है। कई लोग फार्म हाउस पर जाकर साल के अंतिम दिन जश्न मनाएंगे तो कई लोग होटलों व अन्य जगह जाकर थर्टी फर्स्ट पर पार्टी का आयोजन करेंगे। अनेक युवाओं ने ढोल ढमाकों के साथ आयोजन करने का मन बना लिया है। जश्न को मनाने के लिए इस बार युवतियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। युवतियां जहां गली, मोहल्लों व कॉलोनियों में अपने ग्रुप के साथ 31 दिसंबर का लुत्फ उठाएंगी, वहीं नए साल 2023 के सेलिब्रेशन के लिए नए-नए तरीके इजाद कर लिए गए हैं। महिलाएं घर में ही थर्टी फर्स्ट व नए साल को सेलीब्रेट करेंगी।

थर्टी फर्स्ट पर युवाओं में उत्साह को देखते हुए शहर के होटल संचालकों ने खासे इंतजाम किए हैं। शहर की होटलों व रेस्टोरेंट में विशेष प्रकार के व्यंजन बनाए जाएंगे। होटल संचालकों ने होटल को नया आकार देना शुरू कर दिया है। होटलो को नए साल के आगाज के लिए पूरी तरह सजा दिया जाएगा। कई लोग परिवार सहित होटलों में जाकर भोजन करेंगे। इसके लिए होटल संचालकों ने विद्युत सज्जा भी बेहतरीन करने की कोशिश शुरू कर दी है। हालांकि, इस बार बड़ी संख्यां में ऐसे लोग भी है जो यह कह रहे है कि कैलेण्डर वर्ष बदल रहा है। अपना नववर्ष को चेत्र माह की एकम को होता है। लेकिन, हुड़दंग के शौकिनो के लिए थर्टी फर्स्ट महत्वपूर्ण होता है। इस दिन शराब पीकर धमाल करने का मजा लेने में ऐसे लोग कोई कसर नहीं छोड़ते है। ऐसी स्थिति में पुलिस ने भी कमर कस ली है। जिससे कि यदि कहीं भी कोई अप्रिय स्थिति बने तो तत्काल काबू किया जा सके।

**इनका कहना...**

थर्टी फर्स्ट के आयोजनों के लिए पुलिस महकमा सतर्क है। कई मोबाईल पार्टिया शहर में भ्रमण करेगी। ज्यादा शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालो पर नजर रखी जाएगी। ब्रिथ एनालाईजर अर्थात एल्को मीटर से जांच की जाएगी। हुड़दंगियों पर सीसीटीवी केमरे से भी नजर रखी जाएगी।

**सतनाम सिंह नेगी**
**सीएसपी, मंदसौर**

## शासकीय स्कूल में वार्षिकोत्सव....

# भाजपा नेता नहीं पहुंचे, कार्यक्रम रहा फ्लाप

**नाहरगढ़, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिवर्ष अनुसार अनुसार इस वर्ष भी शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें स्कूल छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना पश्चात अनेक प्रस्तुति दी। वहीं स्कूल स्टाफ की मनमर्जी से नगर सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओ ने आक्रोश व्यक्त किया।

दरअसल हुआ यूं कि शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन था। उसका निमंत्रण कार्ड नेता तथा कुछेक पत्रकारों दिए गए। स्कूल की और से जो निमंत्रण दिया गया था, उस निमंत्रण कार्ड में भाजपा नेताओं के नाम, पद गरीमा अनुसार नही लिखे गए, जिससे भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित रहना उचित नहीं समझा। कोई नेता कार्यक्रम में नही पहुंचा। केवल कार्यक्रम में कांग्रेस के दो नेता तथा महिला सरपंच उपस्थित रही।

स्कूल स्टॉफ़ की मनमर्जी से स्थानीय ओर क्षेत्र के नेताओ में गुस्सा दिखा। पूरा वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम प्रभावी नेताओ की अनुपस्थिति में फ़्लॉप रहा। वहीं निमंत्रण कार्ड में बिना अनुमति नाम छपवाए गए, जिससे नेता भी नाराज दिखे। सूत्रों के अनुसार स्कूल के प्रचार्य ने अपने नजदीकी नेताओ को कॉल लगाकर स्कूल कार्यक्रम उपस्थित होने लिए जोर आजमाइस करते रहे। किंतु नेताओ की नाराजगी का खामियाजा स्कूल स्टाफ भुगतना पड़ा?

**इनका कहना...**

मेरी बिना अनुमति से मेरा नाम निमंत्रण कार्ड छपवाया गया। मुझे कुछ पता नही था, मैं जिला भाजपा की बैठक में गया हुआ था।

**भरत डांगी मंडल अध्यक्ष**
**भाजपा कयामपुर**

प्राचार्य की मनमानी से सत्ता पक्ष के नेताओ को कार्यक्रम से वंचित रखा गया है।

**अनिल राव, भाजपा युवा मोर्चा**
**मंडल मंत्री कयामपुर**

व्यस्तता के कारण ऐसा हुआ। अतिशीघ्र कार्यक्रम करना था, आगे की व्यवस्था देखते हुए मुलाकात नहीं हो पाई, हमे खेद है।

**जोरावर सिंह पंवार स्कूल**
**प्रचार्य नाहरगढ़**

# पं. दशरथभाईजी के मुखारविन्द से श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह का प्रसंग श्रवण कर आनंदित हुए धर्मालुजन



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पं. श्री दशरथभाईजी के मुखारविन्द से प्रतिदिन दोप. 1 से सायं 5 बजे तक नयापुरा रोड़ स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। श्री शांतिलालजी नानालालजी एकलिंगजी सोनी (कुलथिया) परिवार के द्वारा 25 से 31 दिसम्बर तक सात दिवसीय भागवत कथा अपने पितृजनों की स्मृति में कराई जा रही है। इस कथा को श्रवण करने मंदसौर ही नहीं अपितु पूरे अंचल के धर्मालुजन कथा स्थल पहुंचकर कथा श्रवण का धर्मलाभ ले रहे है।

श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस पं. दशरथभाईजी ने भगवान श्री कृष्णजी के मथुरा आगमन, उनके द्वारा कंस का वध, श्री कृष्णजी का शिक्षा हेतु उज्जैनी प्रस्थान, श्री कृष्ण के द्वारिका आगमन एवं श्री कृष्ण रूकमणी विवाह की कथा श्रवण कराई। पं. दशरथभाईजी ने भागवत कथा में कहा कि प्रभुजी का जन्म मथुरा वासियों को कंस के अत्याचारों से छूटकारा दिलाने व पृथ्वी पर धर्म की पुनर्स्थापना के लिये हुआ था। प्रभु श्री कृष्ण की ख्याति जब कंस तक पहुंची तो उसने कृष्ण की हत्या की योजना बनाई और नंदजी के यहां अपने दूत भेजकर कृष्ण और बलरामजी को बुलाया लेकिन उसे यह ज्ञात नहीं था कि वह स्वयं अपने काल को आमंत्रण दे रहा है। श्री कृष्ण ने मथुरा के अखाड़े के बड़े-बड़े पहलवानों को पराजित कर दिया और कंस की छाती पर बैठकर उसका वध किया। कंस के वध के बाद श्री कृष्ण ने अपने माता-पिता देवकी वासुदेव एवं नाना उग्रसेन को मथुरा के कारागृह से मुक्त कराया। कंस वधन की कथा प्रेरणा देती है कि अहंकार में आकर पापकर्म मत करो यदि करोगे तो उसका फल भुगतना पड़ेगा। श्री कृष्ण-रूकमणी विवाह का प्रसंग सुन आनंदित हुए धर्मालुजन- पं. दशरथभाईजी ने जब कृष्ण रूकमणी विवाह का प्रसंग श्रवण कराया तो धर्मालुजन आनंदित होकर नृत्य करने लगे। पं. दशरथभाईजी ने कथा में कहा कि विदर्भ राज्य की राजकुमारी रुक्मणी मन ही मन कृष्ण से प्रेम करती थी लेकिन उसका भाई रूकमी कृष्ण से बैर रखता था। वह अपनी बहन का विवाह दुष्टप्रवृत्ति के शिशुपाल से कराना चाहता था। यह बात रूकमणी को ज्ञात हुई तो उसने श्री कृष्ण को पत्र भेजा और उनसे आग्रह किया कि वे उनका हरण कर द्वारका ले जाये। श्री कृष्ण ने रूकमणी की इच्छानुसार उसका हरण कर विवाह किया। रूकमी ने कृष्ण को रोकने की कोशिश की लेकिन वह श्री कृष्ण के हाथों पराजित हुआ। श्री कृष्ण ने विदर्भ की पुरी सेना का अकेले ही सामना कर उन्हें पराजित किया। श्री कृष्ण रूकमणी विवाह की कथा से प्रेरणा ले और यदि वर उत्तम हो तो कन्या की इच्छा का सम्मान करते हुंए विवाह करे।

**श्वासानंदजी महाराज का हुआ आगमन**–भागवत कथा में बर्डियाखेड़ी के संत श्री श्वासानंदजी महाराज व वेद आश्रम के कपिलजी का भी आगमन हुआ। आपका स्वागत कथा आयोजक परिवार के की ओर से स्वर्णकार समाज जिलाध्यक्ष व स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य श्री अजय सोनी कॉलोनाईजर, हेमंत सोनी, अशोक सोनी, मनीष सोनी लाला, पवन सोनी, मयंक सोनी, गिरीश सोनी आदि ने किया।

**इन्होनें किया पोथी पूजन**– भागवत कथा में कल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाही दशरथसिंह झाला, संघ के वरिष्ठ दायित्ववान पदाधिकारी दिलीप चावड़ा, सुखदेवजी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातड़िया, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रीतिपालसिंह राणा, सुरेश भाटी, समाजसेवी बाबूलाल अठानावाला, शांतिलाल पालीवाल पूर्व जिला भाजपा महामंत्री अजयसिंह चौहान, कृष्णकांत नारायणगढ़वाला, जितेन्द्र सोनी धुंधड़का ने भागवत पौथी का पूजन किया और आरतीकी।

**पूर्व विधायक श्री सिसौदिया सहित कई अतिथियों ने आरती की**– शनिवार को पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया ने भी पहुंचकर पौधा का पूजन किया और आरती की। इस अवसर पर उन्होंने अपने विचार भी रखे। शनिवार की दोपहर में मिराज ग्रुप के योगेश पालीवाल, विकास बागोरा अभिनंदन, संगीत महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेन्द्र त्रिवेदी, साहित्य परिषद के नरेन्द्र भावसार, वरिष्ठपत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, पार्षद विनय दुबेला ने पौथी पूजन किया। इस अवसर पर जिला धार्मिक उत्सव समिति एवं मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार समाज जनकूपुरा पंचायत के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी पोथी पूजन किया। इन सभी का स्वागत कथा आयोजक परिवार की ओर से स्वर्णकार समाज जिलाध्यक्ष व स्वर्णकला बोर्ड के सदस्य श्री अजय सोनी कॉलोनाईजर, हेमंत सोनी, अशोक सोनी, मनीष सोनी लाला, पवन सोनी, मयंक सोनी, गिरीश सोनी आदि ने दुपट्टा ओढ़ाकर किया। संचालन अशोक सोनी मेलखेड़ा ने किया।



# सांसद गुप्ता ने ग्राम माउखेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सहभागिता की

**जावरा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** संसदीय क्षेत्र कि जावरा विधानसभा में ग्राम माउखेडी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सहभागिता कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उपस्थित सम्मानित जनों को संबोधित किया।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्रजन को लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही अपील की गई कि इस तरह के शिविर में आम जनता योजनाओं का लाभ उठावें, सभी की यह जिम्मेदारी भी है कि सन् 2047 तक विकसित भारत बनाने की संकल्पना साकार करना है।शिविर में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने,रोजगार के अवसरों, गरीबों के लिए अव-संरचना का निर्माण, वंचितों के लिए सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आयुष्मान भारत योजना, पीएम मुद्रा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और सही पोषण, देश रोशन योजना के साथ साथ स्टार्टअप इंडिया के तहत आमजन को जानकारी दे कर लाभ देने की कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर विक्सित भारत संकल्प बनाने की शपथ भी ली। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष अमित पाठक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रितेश जैन, सहित पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रासायनिक खेती करने से बचे किसान-डॉ. पटेल



**सीतामऊ, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नवभारत फटीलाईजर कंपनी के द्वारा गौध सुंठी में किसानों की जैविक खेती के प्रति जागरूक किया। टीम ने किसानों को आव्हन किया की वें खेतों के लिए रासायनिक खाद का उपयोग कर करें यह जीवन के लिए खतरनाक है। गुरुवार को गाँव सुठी में नवभारत फटीलाईजर की की टीम के द्वारा किसानी को अणिक खाद के प्रति जागरूक करने के लिये अभियान चलाया गया । इस मौके पर कंपनी के कृषि अधिकारी डॉ. हरिराम पटेल ने किसानों से रसायनिक खाद से बचने के सलाह देते हुए जैविक खेती के प्रति जागरूक किया । उन्होंने कहा की रसायनिक खाद मनुष्य के जीवन के लिए बहुत खतरनाक होता है। यह मनुष्य के शरीर को प्रभावित करता है। जिससे कई तरह की जान लेवा बिमारिया भी शरीर में पैदा होती है। इससे हमारी जमीन भी लगातार बंजर होती जा रही है। इसीलिए रसायनिक खेती से परहेज कर जैविक खेती को ब ढ़ावा दें, साथ ही अन्य किसानों को भी इसके प्रति ज ागरूक करें। बैठक के दौरान कई किसानों ने रसायनिक खेती के बजाय जैविक खेती करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जगदीश पाटीदार, हरिओम पाटीदार, ओ मप्रकाश पाटीदार, हरिराम पाटीदार, राजु प ाटीदार, मुरली प्रसाद पाटीदार, भेरू पाटीदार, वि लास पाटीदार, भरत पाटीदार, अशोक पाटीदार आदी किसान उपस्थित रहे। जीसी कारूलाल राठौर के द्वारा यह संगोष्ठी आयोजित करवाई गई।

# पंजाब पुलिस 4-2 से और तमिलनाडु पुलिस 1-0 से जीत कर फाइनल में



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर में 26 दिसंबर से चल रहे कश ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवे दिन सेमीफाइनल मुकाबले हुए। पहला मैच पंजाब पुलिस और डी के फार्मा, मुंबई के बीच मुकाबला हुआ। पंजाब पुलिस ने शुरू से ही मुंबई टीम पर दबाव बना कर रखा और पहले हाफ में 2-1 की बढ़त बना ली दूसरे हाफ में पंजाब ने एक और गोल मारकर बढ़त को 3-1 कर दिया लेकिन कुछ ही समय बाद मुंबई की टीम ने एक और गोल मारकर बढ़त को कम करते हुए स्कोर 3-2 कर दिया। बाद में मुंबई ने पंजाब की बढ़त को बराबर करने का कई बार प्रयास किया लेकिन पंजाब के खिलाड़ियों ने सारे प्रयास विफल कर दिए और दूसरी तरफ मुंबई पर प्रहार करते हुए एक गोल और मार दिया और अपनी बढ़त को लगभग अजेय बना दिया और स्कोर 4-2 कर दिया और मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। मन ऑफ द मैच पंजाब पुलिस के गोलकीपर सतबीर सिंह को दिया गया।

आज के दूसरे सेमीफाइनल में तमिलनाडू पुलिस का मुकबला राजस्थान यूनाइटेड की टीम से हुए जिसमे तमिलनाडु पुलिस ने शुरू से ही सधे हुए खेल का प्रैचय देते हुए राजस्थान की तेज तर्रार खिलाड़ियों को धीमा कर दिया और उनको अपने अनुसार खेल खिलाने लगे। 35वें मिनट में तमिलनाडु के खिलाड़ी को मौका मिलते ही उसने राजस्थान के गोलकीपर को छकाते हुए गोल मार दिया, जिससे तमिलनाडु का स्कोर 1-0 हो गया। मैच के आखिरी समय तक राजस्थान की टीम का कोई भी खिलाड़ी तमिलनाडू के मजबूत डिफेंस को हिला नहीं पाया और गोल मारने में नाकाम रहा। इस तरह तमिलनाडू पुलिस ने अपना सेमीफाइनल मैच जीता और फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। आज के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी श्री गौतम सोलंकी, आर.आई श्री डा. कृष्ण प्रताप सिंह तोमर, मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव श्री अमित रंजन देव, ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन सदस्य श्री एच ओ नकवी, उद्योगपति एवम समाजसेवी श्री विनोद गर्ग, युवा उद्योगपति नवनीत गर्ग, समाजसेवी श्री राजमल गर्ग, समाजसेवी श्री अजीत मारू, श्री मुकेश कसाट, चंबल फुटबॉल क्लब के उपाध्यक्ष श्री अरविंद सारस्वत उपस्थित थे। एआईएफएफ सदस्य श्री नकवी ने क्लब के आयोजकों की मेहनत और उनके परिश्रम के लिए सराहना की और मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ सचिव श्री अमित रंजन जी ने आयोजन समिति को अगला टूर्नामेंट ग्रास कोर्ट पर रखने का प्रस्ताव दिया, जिससे खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावना और कम हो सके। आज के आयोजन का संचालन सचिव श्री ईश्वर सिंह चौहान ने किया और आभार सुरेंद्र प्रताप सिंह ने व्यक्त किया।

# नवांकुर संस्था द्वारा आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मंदसौर जिला समन्वय श्री तृप्ति बैरागी के निर्देशन में विकासखंड मंदसौर डिगांवमाली सेक्टर ग्राम पंचायत पिपलिया कराडिया में नवांकुर संस्था प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था द्वारा आयुष्मान कार्ड शिविर का गांव की चौपाल पर आयोजन किया। जिसमें लाभार्थी के प्रत्येक परिवार के सदस्य को घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना की जानकारी दी लगभग 42 आयुष्मान कार्ड के आवेदन करवाए। आयुष्मान कार्ड से प्रत्येक परिवार को 5 लाख का निशुल्क इलाज होगा जिसमें मध्यम परिवार एवं महिलाओं और बच्चों ने आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लिया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, पैरा लीगल वालंटियर उषा सोलंकी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव महेंद्र सिंह, स्वास्थ्य विभाग सईएचओ संपत कच्छावा एवं कई ग्रामीण ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## वेलनेस में उपलब्ध सुविधाओं की दी जानकारी

**लूनाहेड़ा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** ज़िला आयुष अधिकारी के निर्देश पर शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय लूनाहेडा में शनिवार को प्रथम व द्वितीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया । चिकित्सा अधिकारी डॉ.ललीता पाटीदार ने द्वितीय प्रशिक्षण दिवस पर आशा कार्यकर्ता आयुर्वेद प्रशिक्षण के उद्देश्य वेलनेस में उपलब्ध सुविधाओं दैनिक जीवन में औषधीय पौधों के महत्व पर जानकारी दी गई । उचित आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या आसपास के परिवेश में स्वच्छता विषयक जनमानस को आयुर्वेद से जोड़ने एवं उसकी विधाओं से परिचित करवाया व औषधीय पौधों की जानकारी उनके घरेलू उपयोग सामान्य बीमारियों में उनके उपयोग एवं औषधीय पौधों की महत्ता एवं उनकी खेती हेतु प्रोत्साहन विषयक जानकारी दी गई । योग प्रशिक्षक परशराम धनगर ने योग व प्राणायाम सुर्य नमस्कार योग के महत्व को जन जागरुक अभियान के तहत जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया" दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रमाण-पत्र बैग डायरी पेन वितरण कर प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यक्रता यशोदा सिंदम,योगा सहायक ज्योति मेघवाल मोजुद रही।

# नपा परिषद ने सडकों पर विचरण करते हुये 15 गौवंश पकड़े, गौशाला में भिजवाया



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये सडको पर विचरण करने वाले गौवंश व अन्य पशुओ को हटाने की कार्यवाही निरंत जारी है ! सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह के निर्देशानुसार कल नपा परिषद के द्वारा मंदसौर नगर की सडको पर विरचरण करते हुये 15 गौवंश को हटाया गया और उन्हे गौशाला में भिजवाया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद्र शर्मा की मौजदुगी में नपा के सफाई अमले ने सडको पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये सडको पर विचरण करते हुये 15 गौवंश को पकडा, । नगर के सदर बाजार, आजाद चौक, कालीदास मार्ग, बस स्टेण्ड आदि क्षैत्रो से गौवंश को पकडने की कार्यवाही की गयी। नपा परिषद गौपालको से आग्रह करती है कि वे गौवश को सडको पर खुला नही छोडे तथा उसे अपने बाडे में ही रखे ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

# महावीर पुस्तकालय ने खजूरिया सारंग स्कूल में स्वेटर वितरीत किए



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** महावीर पुस्तकालय एवं जीवनोपयोगी सामग्री वितरण समिति मंदसौर द्वारा एकीकृत शासकीय हाई स्कूल खजूरिया सारंग में बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर का वितरण किया गया।

प्राचार्य श्रीमती सुनीता गोधा ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाजसेवी अशोक नलवाया द्वारा बहुत वर्षों सें निरंतर बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण किये जा रहे है। इस संस्था के माध्यम से बच्चों को नि:शुल्क कॉपियां व किताबें भी उपलब्ध कराई जाती है जिसका सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा लाभ लिया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक अशोक नलवाया ने बच्चों को जीवन जीने हेतु शिक्षाप्रद उद्बोधन दिया। आपने कक्षा 9 व 10 की सभी छात्राओं को स्वसुरक्षा का मार्गदर्शन दिया। सभी ने हत्या, आत्महत्या, भ्रूण हत्या न करने व न कराने का संकल्प भी दिया। माता-पिता की अनुमति के बिना घर से नहीं जाने की शपथ भी ली। श्री नलवाया ने बारी-बारी से कक्षानुसार बच्चों को स्वेटर वितरण किया। उसके पश्चात् स्कूल बेग भी वितरित किये। गांव की बुजुर्ग महिला पिस्ताबाई सोनी को कम्बल ओढ़ाकर सम्मान किया।

उपस्थित प्राचार्य श्रीमती गोधा, संस्था के श्री नलवाया एवं स्टॉफ द्वारा माता सरस्वती को माल्यार्पण किया। तत्पश्चात् सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की की निशा जैन, रिना जैन, दिनेश जैन, साधना कुमावत, विनिता मलासा, गीता कुमावत, पायल कुमावत, अभय शुक्ला, आनन्द आंजना, किशोर कुमावत, राजेश चौहान, सुखलाल दानेश्वर, घनश्याम तिवारी, मन्नालाल महिड़ा आदि उपस्थित थे। किशोर कुमावत द्वारा संचालन किया गया। अंत में आभार आनन्द आंजना ने माना।

# प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प, विकसित भारत बनाना है-सखलेचा

## मेलानखेड़ा एवं आकली में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों से रूबरू हुए सखलेचा, हितग्राहियों को हितलाभ वितरीत



**नीमच, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नीमच जिले में गांव-गांव में संकल्प यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जावद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय मेलानखेड़ा एवं आकली में पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, जनपद अध्यक्ष श्री गोपाल चारण, श्री अर्जुन माली सरपंच प्रतिनिधि लालाराम जाट की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है, कि हमारा भारत देश विकसित भारत बने, इसके लिए सभी को अपने-अपने क्षेत्र में समर्पित होकर कार्य करना है। उन्होंने कहा, कि आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक जो भी हितग्राही किसी कारणवश वंचित रह गए हैं। वह अपने आवेदन यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में अवश्य प्रस्तुत कर दें। जिससे, कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके। विधायक श्री सखलेचा ने कहा, कि सभी नागरिक एवं ग्रामीणजन अपना संपूर्ण हेल्थ चेकअप अवश्य करवा ले और आभा आईडी बनवा ले। इस अवसर पर विधायक श्री सखलेचा ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खिलाड़ियो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर, सम्मानित किया। उज्ज्वला योजना के तहत नवीन हितग्राहियों को घरेलू गैस कनेक्शन की डायरी, चूल्हा और गैस सिलेंडर वितरित किए। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड भी प्रदान किए गए। विधायक श्री सखलेचा ने ग्रामीणों की मांग पर नल जल योजना के काम के कारण क्षतिग्रस्त सड़क को तत्काल सही करवाने और ग्राम पंचायत के तीनों गांव में हर घर नल से जल प्रदाय की व्यवस्था करने के निर्देश जल निगम के अधिकारियों को दिए। ग्राम पंचायत मेलानखेड़ा में श्री सखलेचा ने सभी लाडली बहनों का जीवन ज्योति बीमा अनिवार्य रूप से करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। श्री सखलेचा ने मेलानखेड़ा एवं आकली में उपस्थित ग्रामीणजनों को विकसित भारत बनाने के लिए समर्पित होकर कार्य करने और अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प भी दिलाया। विधायक श्री सखलेचा ने ड्रोन प्रदर्शन का लिया जायजा:-विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम मेलानखेड़ा में किसानों के समक्ष ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। श्री सखलेचा ने किसानों के साथ ड्रोन प्रदर्शन का अवलोकन कर, जायजा लिया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 77 | 2060 | 2251 |
| उडद | 19 | 4121 | 8620 |
| सोयाबीन | 3084 | 3900 | 4850 |
| गैहु | 1320 | 2400 | 3201 |
| चना | 59 | 4800 | 5221 |
| मसुर | 30 | 5411 | 5970 |
| धनिया | 192 | 5000 | 7191 |
| लहसुन | 6500 | 7000 | 24500 |
| मैथी | 239 | 5100 | 7200 |
| अलसी | 1086 | 4600 | 5187 |
| सरसो | 262 | 4553 | 5059 |
| तारामीरा | 6 | 5659 | 4718 |
| इसबगोल | 18 | 8500 | 15200 |
| प्याज | 4000 | 350 | 1350 |
| कलोंजी | 39 | 11500 | 15700 |
| डॉलर | 9 | 7211 | 12651 |
| तिल्ली | 41 | 12650 | 15680 |
| मटरसुखी | 2 | 2202 | 3160 |
| असालीया | 15 | 7000 | 9907 |

# मप्र की मोहन यादव सरकार के मंत्रियों को विभाग का बंटवारा

## कैलाश को नगरीय प्रशासन, प्रहलाद पटेल को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग



**भोपाल, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार आज मप्र की मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया , दिल्ली में वरिष्ठनेतृत्व से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लेने के बाद सीएम यादव में आज शाम राजभवन पहुंचकर राज्यपाल मंगुभई पटेल से मुलाकात की और उन्हें मंत्रियों के विभागों की सूची सौंपी।

✻ **मुख्यमंत्री–** जनसंपर्क, वित्त,वाणिज्य कर, जेल, विमानन एवं अन्य ऐसे विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं हैं।

✻ **उप–मुख्यमंत्री–** ✻ जगदीश देवड़ा–वित्त एवं वाणिज्य ✻ राजेंद्र शुक्ला- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा

✻ **कैबिनेट मंत्री–** ✻ कैलाश विजयवर्गीय–नगरीय विकास, विधि एवं विधायी, संसदीय कार्य ✻ प्रहलाद पटेल–पंचायत एवं ग्रामीण ✻ राकेश सिंह–लोक निर्माण ✻ विजय शाह–सहकारिता ✻ एदल सिंह कसाना–किसान कल्याण ✻ प्रदुम्न सिंह तोमर–स्कूल शिक्षा ✻ तुलसी सिलावट–जल संसाधन ✻ गोविंद सिंह राजपूत–पीएचई ✻ विश्वास सारंग–वन एवं परिवहन ✻ इंदर सिंह परमार–तकनीकी शिक्षा उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास ✻ उदय प्रताप सिंह–उच्च शिक्षा ✻ करण सिंह वर्मा–राजस्व ✻ नारायण सिंह कुशवाहा–उद्यानिकी ✻ संपतिया उईके–जनजातीय कार्य ✻ निर्मला भूरिया–महिला बाल विकास ✻ नागर सिंह चौहान–खेल एवं युवक कल्याण, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम ✻ चैतन्य कश्यप–उद्योग एवं योजना आर्थिक सांख्यिकीय ✻ राकेश शुक्ला–आईटी, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास

✻ **राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )–** ✻ कृष्णा गौर–पर्यटन एवं गैस राहत ✻ धर्मेंद्र–खाद्य नागरिक आपूर्ति ✻ गौतम टेटवाल–ऊर्जा ✻ लेखन पटेल–मत्स्य विभाग ✻ नारायण पवार–सामान्य प्रशासन

✻ **राज्यमंत्री –** ✻ राधा सिंह- पंचायत एवं ग्रामीण विकास ✻ प्रतिमा बागरी - नगरी विकास एवं आवास, ✻ दिलीप अहिरवार–वन एवं पर्यावरण ✻ नरेन्द्र शिवाजी पटेल–लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।





# हर गांव को अयोध्या और हर मंदिर को राम मंदिर बनाना है–झाला

## गुराड़िया देदा में हुआ अक्षत कलश का पूजन एवं वितरण, घर–घर निमंत्रण देने जाएंगे स्वयंसेवक

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** गाँव गुराड़िया देदा में अयोध्या से आए अक्षत कलश का पूजन कर उन्हें धारियाखेड़ी, गुडभेली, सिंदपन, रलायता, भुनियाखेड़ी, साबाखेड़ा, लालघाटी के रामभक्तों को वितरित किए गए।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक श्री दशरथसिंह झाला ने श्री राम जन्मभूमि के गौरवशाली इतिहास एवं संघर्ष से परिचय कराते हुए कहा कि हमारी अनेक पीढ़ियों ने श्रीराम जन्मभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और आज हम वह सौभाग्यशाली पीढ़ी है जो भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण होते देख रहे है। श्री झाला ने समस्त हिन्दू समाज से आव्हान किया कि हमें पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी(22 जनवरी 2024) को हर गांव को अयोध्या और हर मंदिर को राम मंदिर बनाना है।। हिन्दू समाज के प्रत्येक घर के ऊपर भगवा पताकाएं लगे,हर घर के बाहर दीपक प्रज्वलित किए जाए,माताओं-बहनों द्वारा रंगोलियां बनाई जाए,घर के बाहर वन्दनवार लगाई जाए। 22 जनवरी के दिन दीपावली से भी भव्य उत्सव हिन्दू समाज द्वारा मनाया जाए और प्रति वर्ष पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी को रामलला का यह महोत्सव मनाया जाए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,भालोट खंड कार्यवाह श्री गौरव सोनी, विश्व हिन्दू परिषद से भालोट प्रखंड से महेश लोहार, पंकज व्यास, ओमप्रकाश शर्मा एवं सभी गाँवों के कारसेवक व बड़ी संख्या मे रामभक्त उपस्थित थे।

## टीसीएस भरेगी 500 बैंक ऑफिस ऑपरेशन के पद

### विद्यार्थियों को मिलेगा प्लेसमेंट का अवसर

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत एवं उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने हेतु प्रयासरत है। इसी तारतम्य में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं टीसीएस कम्पनी द्वारा माह जनवरी 2024 में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन अग्रणी महाविद्यालय में किया जाना है। प्लेसमेंट ड्राइव के अन्तर्गत टीसीएस कम्पनी द्वारा 500 बैंक ऑफिस ऑपरेशन के पद पर प्लेसमेंट प्रक्रिया सम्पन्न की जावेगी।

स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना के महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. योगेश कुमार सैनी ने बताया कि प्लेसमेंट के लिये जिले इच्छुक विद्यार्थी जो सत्र 2021, 2022 एवं 2023 में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में स्नातक पास हो एवं उसके बाद अध्ययन न कर रहे हो। वह अपने महाविद्यालय में जाकर प्लेसमेंट के लिए पंजीयन कराये। टीसीएस कम्पनी द्वारा 500 पदों पर लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

# अफीम तस्करों को 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास



**नीमच, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान अरविंद दरिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985) नीमच के द्वारा 31 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले दो अंतर्राजीय तस्कर (1) श्यामदास पिता शिवदास बैरागी, उम्र-37 वर्ष, निवासी-ग्राम राजपुरिया, जिला नीमच एवं (2) जोगाराम पिता भानाराम जाट, उम्र-38 वर्ष, निवासी-ग्राम अबकई ढाणी, तहसील सोजत, जिला पाली (राजस्थान) को एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 की धारा 8/18(बी) के अंतर्गत 15-15 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,00,000-1,00,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 4 वर्ष पूर्व दिनांक 20.03.2019 को दोपहर के 04 बजे नीमच-मनासा रोड स्थित जैतपुरिया फंटे की हैं। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, कार्यालय उप-नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच में पदस्थ निरीक्षक महेन्द्रसिंह को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति ब्रेजा कार से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले हैं। निरीक्षक महेन्द्रसिंह ने मुखबीर सूचना से तत्कालीन अधीक्षक (निवारक) अमरसिंह कनौजिया को अवगत कराया, जिनके द्वारा ललित कुमार झा, निरीक्षक को दल बनाकर कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिनके द्वारा कार्यवाही करते हुवे मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर घेराबंदी की जहां पर उन्हे मुखबीर द्वारा बताई हुवे एक मारूति सुजुकी ब्रेजा कार आती हुआ दिखाई दी, जिसको रोका जिसमें दोनो आरोपीगण बैठे हुवे थे। ब्रेजा कार की तलाशी लिये जाने पर उसकी डिक्की के अन्दर की दोनो लाईट के अन्दर कुल 16 पोलिथिन की थैलीयों में कुल 31 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम रखी हुई मिली। इसके पश्चात् अवैध मादक पदार्थ अफीम व ब्रेजा कार को जप्तकर व आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करके शेष आवश्यक विवेचना उपरांत परिवाद विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया। विशेष लोक अभियोजक द्वारा न्यायालय में विचारण के दौरान विवेचक, जप्ती अधिकारी, फोर्स के सदस्यों सहित सभी आवश्यक गवाहों के बयान कराते हुवे आरोपीगण द्वारा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध को प्रमाणित कराते हुए उन्हें कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय विशेष न्यायालय द्वारा दोनो आरोपीगण को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा किया गया तथा अभियोजन के सफल संचालन में सुश्री प्रियंका गुर्जर, श्रीमती नीरा यादव अधिवक्तागण व इंटर्न भगत मालवीय का सक्रिय सहयोग रहा।





# विहिप द्वारा भालोट प्रखण्ड केन्द्र पर पूज्य अक्षत वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में भालोट प्रखंड केंद्र पर पूज्य अक्षत वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भालोट, जमालपुरा निपानिया, नालछा जैसे चार खंड केदो पर पूज्य अक्षर कलश पहुंचाए गए। कार्यक्रम में भालोट प्रखंड में पूज्य अक्षत वितरण कार्यक्रम के नियमित पालक जिला सत्संग प्रमुख कन्हैयालाल धनगर, भालोट प्रखंड अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, समग्र ग्राम विकास जिला संयोजक राजाराम कुमावत, खंड कारवां गौरव सोनी द्वारा पूज्य अक्षर कलशो की पूजा की गई।

तत्पश्चात भालोट प्रखंड में पूज्य अक्षर वितरण कार्यक्रम के नियमित पालक जिला सत्संग प्रमुख कन्हैयालाल धनगर के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन देते हुए आग्रह किया गया कि मेरा गांव मेरी अयोध्या के निमित्त हमारे गांव के प्रत्येक मंदिर 21 जनवरी को साफ सफाई की जाये। 22 जनवरी के दिन गांव में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ हम उत्सव मनाए। हमारे प्रभु श्री राम अपने निज निवास में विराजने जा रहे हैं जिसका सीधा प्रसारण भी होगा। आप अपने मंदिर या गांव के मुख्य चौराहे पर एलईडी लगाकर सभी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के सीधे दर्शन करावे। हमारे गांव में उत्सव हम कैसे माना सकते हैं इस चीज की चिंता हम सभी को मिलकर करनी है हमारे गांव में रंगोली बनानी है। 11 या 21 दीपक लगाने हैं प्रत्येक घर पर भगवा पताका लगानी है प्रभात फेरिया निकालनी है जैसे अनेकों बिंदुओं पर श्री धनगर के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में खंड मंत्री भगवतीलाल साहू, खंड उपाध्यक्ष परमानंद धनगर, खंड साप्ताहिक मिलन प्रमुख राजू टांक, खंड गो रक्षा प्रमुख सुखदेव कुमावत, खंड संयोजक दशरथ कुमावत, खंड सह सयोजक राजेश कुमावत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भालोट प्रखंड मंत्री राकेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया व आभार खंड समिति की ओर से खंड संयोजक दशरथ कुमावत द्वारा माना गया।

## पेयजल पाइप लाइन काटने की शंका में पीटा, 2 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पेयजल पाइप पाइन काटने की शंका में मारपीट करने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। हरमाला निवासी नागेश्वर पिता नारायण मोगिया ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि सरकारी कुए से आ रही पेयजल पाइप लाइन को किसी ने काट दिया। इसी शंका में अम्बालाल मोगिया व रामेश्वर मोगिया आए, गाली-गलौज की व मारपीट की। बीच-बचाव करने आई मेरी बेटी संतोष के उंगली पर चालू मार दिया व गांव के मोहनसिंह के साथ भी मारपीट की, जिससे उनके सिर में चोंट आई, मोहनसिंह का बेटा बबलू बीच-बचाव करने आया तो उसे भी धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसके आंख में चोंट आई। पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## वध के लिए ले जाए जा रहे 4 गौवंश मुक्त कराए

**पिपलियामंडी, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कटने के लिए जा रहे 4 गौवंश पुलिस ने मुक्त कराए। मुखबिर की सूचना पर झारड़ा पुलिस ने झारडा-हरमाला मार्ग पर पिकअप (एमपी 11 एलए 2395) को रोका, तलाशी के दौरान उसमें 4 गौवंश कूररतापूर्वक भरे हुए थे, वहीं उनके परिवहन संबंधी दस्तावेज भी नही थे। पूछताछ के दौरान पिकअप में सवार आरोपियों ने अपनी पहचान धार जिले के कानवल थाना क्षेत्र के नयापुरा कानवन निवासी सुनील पिता रतनलाल राठौर, पीलीखानिया निवासी विशाल पिता प्रकाश नायक व खेरवास (बदनावर) निवासी पदमसिंह पिता दरयावसिंह मोगिया होना बताई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया वह उक्त गौवंश कटने के लिए कानवन ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशुक्रुरता अधिनियम में केस दर्ज किया व गौवंश को पहेड़ा गौशाला भिजवाया

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 31दिसंबर 2023 को यात्रा ने जनपद पंचायत मंदसौर के ग्रामईशाकपुर, अफजलपुर, राकोदा एवं आकोदड़ा, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा चिताखेड़ी एवं तुर्किया, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा चंदवासा, एवं तोलाखेड़ी, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा सुजानपुरा एवं कैलाशपुर, जनपद पंचायत सीतामऊ में सूर्याखेड़ा, नाटाराम, अजयपुर एवं धामनिया में भ्रमण करेंगी।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 4 को

**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 4 जनवरी 2024 को प्रात: 9.30 बजे जिला पंचायत सभागृह मंदसौर में सांसद श्री सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मनासा के स्वयं सेवक निःस्वार्थ भाव से कथा स्थल पर दे रहे हैं अपनी सेवाएं



**मनासा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा में आज से तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन हो रहा है कथा का वाचन विश्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता सुश्री जया किशोरी जी के मुखारविंद से होगा। यह कथा आज से 1 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1:30 बजे से शाम को 4:30 तक आयोजित होगी। जिसमें व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय आर.वी. कॉलेज मनासा के स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ज्ञात है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मनासा के स्वयंसेवक हमेशा सामाजिक क्षेत्रो में अग्रणी रहे है और हर क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते हैं। सामाजिक पुनीत कार्य में सहयोग हेतु सभी सेवाभावी स्वयंसेवकों को संस्था प्राचार्य डॉ. एम. एल.धाकड़, जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया एवं कार्यक्रम अधिकारी आशा पटेल ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

# हिन्दु जागरण मंच का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न

## जिला एवं खण्ड कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारियों का मनोनयन किया



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** हिन्दु जागरण मंच का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग मंदसौर में आयोजित हुआ। जिसमें 59 पदाधिकारियों एवं दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अभ्यास वर्ग के दौरान अतिथि मालवाप्रांत के सह संयोजक संजय भाटिया ने आगीम वर्षो में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होने अखण्ड भारत दिवस, शक्तिपूजन विधि विधान के साथ मनाने का आव्हान किया। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य तरुण पगारे ने विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए युवाओं को संगठन में जोडने का आव्हान किया।

सत्र के दुसरे दिन प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए। जिसमें पदाधिकारियों ने दायित्वों का निर्वन करने का आव्हान किया गया। उपरांत जिला संयोजक महेन्द्रसिंह आंजना ने जिला कार्यकारिणी एवं खण्डो में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की । जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नंदकिशोर पाटीदार,मांगुसिंह चौहान तथा सुखदेव कुमावत, डॉ.राजेश कोशिक को लिया गया। श्री आंजना ने खण्डो में नियुक्तियां भी की,भालोट खण्ड के संयोजक मुकेश पाटीदार, सह संयोजक पुष्कर कुमावत एवं सुमित गुप्ता, कार्यकारिणी में नोंदराम पाटीदार, मनीष पाटीदार, बलराम जोशी को लिया। महिला वर्ग में दोलत कुंवर , सोनू पानपुर को लिया गया। सीतामऊ खण्ड में संयोजक भूपेन्द्रसिंह नागखजूरी, सहसंयोजक नटवरसिंह को बनाया गया। कार्यकारिणी मेंराजपालसिंह को लिया। मंदसौर नगर की कार्यकारिणी में संयाजक राजेश नोगिया, सह संयोजक दिलीप दुबे, रोहित फतरोड, कार्यकारिणी में योगशे मालवीय, मोहित सोपरा को बनाया गया। नाहरगढ खण्ड में संयोजक सचिन मगरोला, सहसंयोजक हेमंत विश्वर्मा एवं राकेश शर्मा को बनाया गया। दलौदा खण्ड की कार्यकारिणी में संयोजक गणपत राठौर, सह संयोजक नागेश्वर कुमा वत, अशोक पाटीदार को बनाया गया। साथ ही कार्यकारिणी में पदाधिकारी भी लिए गए। अभ्यासवर्ग में सहसंयोजक विकास चौधरी, विपिन तिवारी के अ लावा पंकज बैरागी, रितेश गिरोठिया, राजेन्द्रसिंह शक्तावत, दिप्ती बैरागी, प्रीति जैन आदि उपस्थित थे।

## इनट्यूशन प्रोसेस कल से श्री श्री मेडिटेशन हॉल में



**मंदसौर, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** इनट्यूशन प्रोसेस का 2 दिवसीय मैडिटेशन और सिक्स्थ सेंस एक्टिव करने का ट्रेनिंग प्रोग्राम नंदा नगर स्थित श्री श्री मेडिटेशन हॉल में आयोजित होने वाला है।

इस 2 दिवसीय ट्रेनिंग के दौरान बच्चो को मिड ब्रेन एक्टिवेशन एक्सरसाइज, ध्यान, इनट्यूशन एक्टिविटिस व् इंटुइशन गेम्स के द्वारा बच्चों की टीचर हनी गोकलानी द्वारा सिखाया किया जाएगा। आर्ट ऑफ़ लिविंग के मीडिया को ऑर्डिटेटर नरेंद्र धनोतिया ने बताया कि इस प्रोसेस से बच्चो को कई सारे लाभ होते है जैसे- फोटोग्राफिक मेमोरी डेवेलोप करता है, संवेदी क्षमताओं को बढ़ाता है, जागरूकता और दूरदर्शिता में सुधार करता है, आत्मविश्वास बढ़ता है, अज्ञात भय को दूर करता है, रचनात्मकता बढ़ती है। इस प्रोग्राम में 8 से 18 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते है। यह प्रोग्राम 1 और 2 जनवरी को हो रहा है! दोनों दिन सुबह 10 से दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा। स्थान: श्री श्री मैडिटेशन हॉल, नंदा पैलेस, अभिनन्दन नगर, मंदसौर ने आयोजित होगा। बच्चों के लिए बहुत ही प्रभावित इस कोर्स में शामिल होने के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। धनोतिया ने बताया की रजिस्ट्रेशन और प्रोग्राम के बारे में और अधिक जानकारी व फ्री डेमो के लिए संपर्क नंबर 9714591305 पर ली जा सकती है।

## प्राइवेट वाहन चालकों ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया



**सुवासरा, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में शासन प्रदान द्वारा यातायात में शक्ति बरतते हुए नियमो को ठोस कर दिया जिसके तहत किसी चालक परिचालक द्वारा बस दुर्घटना होने पर चालक परिचालक को 10 साल की सजा एवम् 5 लाख जुर्माना का प्रावधान कर दिया गया है, जिसके मद्देनजर एक ज्ञापन सुवासरा तहसीलदार को दिया गया। रोड दुर्घटना के दौरान घायल को रोड पर ही छोड़कर फरार हो जाने को लेकर सरकार की ओर से चालक पर 10 साल की सजा का प्रावधान बनाया गया है। इसको लेकर सुवासरा के चालकों ने रोष प्रकट किया। यदि जिस चालक से रोड दुर्घटना हुई है वह मौके पर रुक भी जाता है तो गुस्साई पब्लिक उसकी धुनाई कर देती है। इसलिए चालक को मजबूरी में घटनास्थल को छोड़कर जाना पड़ता है। लेकिन सरकार द्वारा इस प्रकार से सड़क दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने पर चालक के खिलाफ 10 साल की सजा का प्रावधान करना न्यायसंगत नहीं है। चालकों ने सरकार से मांग करते हुए इस प्रकार के कानून वापस लेने की मांग की। जिसमे सुवासरा के सभी ड्राइवर एशोशियन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# चार राज्यों के 272 विश्वविद्यालयों के कुलपति उज्जैन में जुटेंगे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर करेंगे चर्चा

**उज्जैन, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन एवं इसकी चुनौतियों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड के 272 शासकीय-अशासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रतिनिधि उज्जैन आएंगे। सभी विक्रम विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती हाल में राज्यपाल मंगु भाई पटेल की अध्यक्षता में होने वाली मध्य क्षेत्र की कान्फ्रेंस में शामिल होंगे। कान्फ्रेंस के लिए राजभवन से सहमति मिली गई है।

विश्वविद्यालय सभी कुलपतियों को आमंत्रित करने की तैयारी में जुट गया है। विक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण संकाय अध्यक्ष डा. एसके मिश्र ने बताया कि कान्फ्रेंस 2 और 3 मार्च को होगी। इसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमैन प्रो. एम. जगदीश कुमार भी सम्मिलित होंगे। बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को आमंत्रित किया जा रहा है। विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेशकुमार पांड्येय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मध्य क्षेत्र कार्यान्वयन समिति के समन्वयक है।

**यह लक्ष्य है राष्ट्रीय शिक्षा नीति का**–राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विश्व स्तरीय शैक्षिक प्रणाली विकसित करने के लिए लागू की गई है। इस शिक्षा नीति का अंतिम लक्ष्य ऐसे उत्कृष्टलोगों का निर्माण करना है जो तर्क करने और कार्य करने में सक्षम हों, जो साहसी और लचीले हों, जिनके पास वैज्ञानिक मानसिकता और रचनात्मक कल्पना हो, और जिनके पास मजबूत नैतिकता और मूल्य हों। अब तक हुए क्रियान्व्यन के परिणाम कैसे हैं, इसकी समीक्षा कान्फ्रेंस में की जाएगी।

**इसके पहले युवा उत्सव**–कान्फ्रेंस से पहले 18, 19 जनवरी को विक्रम विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में अंतर जिला युवा उत्सव होगा। इसमें सात जिले के लगभग 300 विद्यार्थी नृत्य, गायन, वादन, वाद-विवाद, पोस्टर निर्माण सहित 22 विधाओं में प्रतिभा दिखाएंगे। यहां विजेता विद्यार्थी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभागिता करेंगे। तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समन्वय समिति की बैठक हुई।

## कलेक्टर दिनेश जैन कल करेंगे ई-जनसुनवाई

**नीमच, 30 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन 1 जनवरी 2024 सोमवार को प्रात: 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करेंगे। कलेक्टर श्री जैन ई-जनसुनवाई में जावद जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुवाखेडा, पालराखेडा, बरखेडा कामलिया, उपरेडा एवं मोडी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

एजेंसी देना है
शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।
9425105927, 28 -07422-495831
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in